## बरेली पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026**

**थाना शीशगढ़ जनपद बरेली।**

**थाना शीशगढ़, बरेली पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय जे0एम0 बहेडी के आदेशानुसार 530 लीटर अवैध कच्ची शराब, 71 पव्वे देशी शराब व 1991 अवैध अंग्रेजी शराब के पव्वे का कराया गया विनिष्टिकरण।**

जनपद बरेली में चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन 3.0 के क्रम में थाना शीशगढ़ पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय जे0 एम0 महोदय बहेडी बरेली से थाना मालखाना में दाखिल 57 आबकारी अधिनियम के माल मुकदमाती (कच्ची/देशी अवैध शराब/अंग्रेजी शराब) के विनिष्टिकरण कराये जाने हेतु दिनांक 25.06.2026 को आदेश प्राप्त किया गया।

मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी तहसील बहेडी जनपद बरेली द्वारा गठित टीम के निर्देशन में आज दिनांक 10.07.2026 को थाना शीशगढ़ पर क्षेत्राधिकारी बहेडी एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 मीरगंज बरेली व थाना प्रभारी शीशगढ़ बरेली की मौजूदगी में आज दिनांक 10.07.2026 को कुल 57 अभियोगों में 530 लीटर अवैध कच्ची शराब , 71 पव्वे देशी शराब व 1991 अवैध अंग्रेजी शराब के पव्वे को उचित स्थान पर गड्ढा खुदवाकर नियमानुसार विनिष्टिकरण की कार्यवाई की गई। मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उक्त विनिष्टिकरण की फोटोग्राफी व विडियोग्राफी कराई गई तथा समस्त निस्तारित मालों को थाना अभिलेखों में अंकित कर आदेश को मालखाना रजिस्टर में चस्पा किया गया।

**विनिष्टीकरण टीम का विवरण-**

1. उपजिलाधिकारी बहेड़ी बरेली।
2. क्षेत्राधिकारी बहेड़ी महोदय बरेली।
3. थाना प्रभारी शीशगढ़ बरेली।
4. आबकारी निरीक्षक क्षेत्र मीरगंज बरेली।
5. व0उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह थाना शीशगढ जनपद बरेली।
6. एच एम  971 राहुल शर्मा थाना शीशगढ बरेली।




